State of California—Health and Human Services Agency
Department of Health Care Services

MICHELLE BAASS
DIRECTOR

GAVIN NEWSOM
GOVERNOR

Medi-Cal संपत्ति सीमाओं में हुई बढ़ोतरी के बारे में ज़रूरी खबर

प्रिय Medi-Cal आवेदक:

एक नए California कानून के तहत संपत्तियों (जायदाद और धन) की वह कुल राशी बढ़ा दी गई है जो एक व्यक्ति या परिवार के पास हो सकती है और जिसके बावजूद वह Medi-Cal के लिए योग्य हो सकता है। हम जिन संपत्तियों की गिनती कर रहे हैं उनमें बैंक अकाउंट, नकदी, गौण वाहन और घर और दूसरे आर्थिक संसाधन शामिल हैं।

Medi-Cal के लिए संपत्ति सीमाएँ 1 जुलाई, 2022 को बढ़ा दी जाएँगी।
यह तय करते समय कि क्या आप Medi-Cal के लिए योग्य हैं हम जिन संपत्तियों की गिनती करते हैं उनकी सीमाएँ **1 जुलाई, 2022** को बढ़ा दी जाएँगी। ये राशियाँ आपके परिवार के सदस्यों की संख्या पर निर्भर करती हैं:

परिवार में सदस्यों की संख्या	पुरानी संपत्ति सीमाएँ	नई संपत्ति सीमाएँ
1 व्यक्ति	$2,000	**$130,000**
2 लोग (पहले “जोड़ा” कहा जाता था)	$3,000	**$195,000**
हर अतिरिक्त व्यक्ति (10 लोगों तक)	$150	**$65,000**

अगर आपने जून के महीने में 30 जून, 2022 से पहले Medi-Cal के लिए आवेदन किया था और आपकी संपत्तियाँ पुरानी संपत्ति सीमा से ज़्यादा थीं, तो आपकी काउंटी जुलाई 2022 के लिए आपकी योग्यता तय करेगी। अगर आपने अपने Medi-Cal के लिए मंज़ूरी 1, जुलाई, 2022 को या उसके बाद दी है, तो हम आपको हमारा फैसला बताने के लिए एक पत्र भेजेंगे।

अगर आपकी संपत्तियाँ 1 जनवरी, 2022 से 30, जून, 2022 तक Medi-Cal के लिए योग्य होने के लिए निर्धारित सीमा से ज़्यादा थीं लेकिन नई संपत्ति सीमा से कम थीं, तो अब आप Medi-Cal के लिए योग्य हो सकते हैं। अगर आपको लगता है कि यह आपके लिए सच है, तो आप Medi-Cal के लिए फिर से आवेदन कर सकते हैं:

- **खुद आकर या फ़ोन से।** अपने स्थानीय काउंटी कार्यालय जाएँ या उन्हें कॉल करें।
- **डाक से या ऑनलाइन।** आवेदन पत्र आपको Covered California की वेबसाइट https://www.coveredca.com पर मिलेगा। आवेदन को ऑनलाइन सबमिट करें या उसे प्रिंट करके डाक से अपने स्थानीय काउंटी कार्यालय को भेजें।

Department of Health Care Services
Medi-Cal Eligibility Division
P.O. Box 997417 MS4607
Sacramento, CA 95899-7417
Internet Address: http://www.DHCS.ca.gov

स्थानीय काउंटी कार्यालयों की एक सूची इस पत्र के साथ भेजी गई है। या DHCS की वेबसाइट https://www.dhcs.ca.gov/services/medi-cal/Pages/CountyOffices.aspx पर जाएँ।

सवाल हैं?
अगर आपके पास इस बदलाव के बारे में सवाल हैं या आपको मदद चाहिए, तो अपने स्थानीय काउंटी कार्यालय को कॉल करें। Medi-Cal के बार में आम सवालों के लिए Medi-Cal हेल्पलाइन को **1-800-541-5555** पर कॉल करें। यह कॉल निःशुल्क है।

धन्यवाद,

Department of Health Care Services
California राज्य